तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 गोरेगांव में नहर किनारे हरे-भरे पेड़ों की हो रही...





12 नगर के रत्नाबांधा चौक, नगरी रोड बना चालानी कार्रवाई का...




## खबर संक्षेप

### सेना भर्ती प्री फिजिकल टेस्ट आज

**धमतरी।** फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग रुद्री के तत्वावधान में शनिवार को सुबह 6 बजे से सेना भर्ती प्री फिजिकल का आयोजन किया जा रहा है। युवा सुबह ग्राउंड में उपस्थित होकर अपना फिजिकल टेस्ट करा सकते हैं। संचालक एलके साहू ने बताया कि प्री फिजिकल से युवाओं का मनोबल बढ़ता है। भर्ती के दौरान होने वाली परेशानियों को दूर किया जा सकता है।

### देमार में मचेगी कबड्डी स्पर्धा की धूम

**धमतरी।** हायर सेकेंडरी स्कूल देमार में 29 नवंबर को प्रथम अरोरा सेंटर कुरूद द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें आसपास के कई स्कूल की कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया है। ग्राम भानपुरी के प्रधानपाठक ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी, जिसमें भानपुरी स्कूल की बालक और बालिका टीम ने हिस्सा लिया है।

### बांधा में मड़ई मेला 3 दिसंबर को

**नगरी।** ग्राम बांधा में पारंपरिक मड़ई मेला इस वर्ष 3 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का है। मेला स्थल पर रात्रि 9 बजे से तुलसी के चौरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी रुमलाल नेताम ने दी।

### सिर्री में शिव महापुराण कथा 3 से

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के बाजार चौक में संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा 3 से 9 दिसंबर तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। कथावाचक सुश्री गंगा देवी होंगी। परायणकर्ता राजेंद्र महाराज रहेंगे। बुधवार को शुभारंभ दिवस पर कलशयात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन प्रातः रुद्राभिषेक पूजन किया जायेगा। शिव महापुराण की तैयारी जोरों पर है।

### वैभव का सहायक संचालक पद पर चयन

**नगरी।** ग्राम भीतररास के वैभव नाग ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए समाज कल्याण विभाग में सहायक संचालक पद हासिल किया है। वे जितेंद्र श्रीमती हाजरा नाग के पौत्र तथा पद्मेश कुमार श्रीमती रमा नाग के पुत्र हैं। उन्होंने वर्ष 2023 से लगातार तैयारी शुरू की और नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच के सहारे यह उपलब्धि हासिल की। सफलता का रहस्य निरंतरता, आत्मविश्वास तथा सही दिशा में मेहनत है। उनकी इस उपलब्धि से हर्ष व्याप्त है।



## डीज़ल घोटाला व रिश्वतखोरी ने बढ़ाई हलचल

# नगर निगम में 'सिस्टम फेल' आयुक्त गैरहाजिर, भुगतान ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम धमतरी इन दिनों अव्यवस्थाओं के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जिसने शहर की मूलभूत सेवाओं की नींव तक हिला दी है। आयुक्त की लगातार 6 दिनों से गैरहाज़िरी ने हालात को और खराब कर दिया है। आयुक्त के हस्ताक्षर न होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की किस्तें अटकी पड़ी हैं, भुगतान रुका है और कई महत्वपूर्ण कार्य ठप हो गए हैं। पार्षद निधि से संबंधित फाइलें तीन-तीन महीने से पेंडिंग बताई जा रही हैं।

इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर के नेतृत्व में पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि नगर निगम में सिस्टम पूरी तरह चरमराया हुआ है और शहर समाधान नहीं, बल्कि सिस्टम फ़ेल की मार झेल रहा है।

### विपक्षी पार्षदों ने जिलाधीश का दरवाजा खटखटाया



### विकास पर ब्रेक, जनता का भरोसा डगमगाया

प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि नगर निगम की यह स्थिति जनता के विश्वास को आहत कर रही है और शहर का विकास पटरी से उतरने की कगार पर है। शिकायत करने वालों में उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद सूरज गहरवाल, सुमन सोमेश मेश्राम, उमा भागी ध्रुव और रामेश्वरी कोसरे शामिल रहे।

### बड़ा सवाल आखिर निगम में चल क्या रहा है?

नगर निगम की अव्यवस्थाओं का यह मामला अब शहर में गरम चर्चा का विषय बन चुका है। जनता से लेकर जनप्रतिनिधि तक यही पूछ रहे हैं आखिर नगर निगम में ऐसा क्या चल रहा है, जिससे पूरा सिस्टम ठप पड़ गया है?

शिकायत में निगम के सरकारी वाहन एएच 5794 का मामला भी प्रमुखता से उठाया गया। वाहन महीनों से गैरेज में खड़ा बताया गया, लेकिन इसके बावजूद उसकी डीज़ल खपत हजारों लीटर में दर्ज हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने इसे स्पष्ट डीज़ल घोटाला करार देते हुए तत्काल जांच की मांग की।

शिकायत में निगम के एक कर्मचारी पर एक लाभार्थी से 25 हजार रुपये वसूलने का आरोप भी शामिल है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है, जिससे भ्रष्टाचार को मानो खुली छूट मिल रही है।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने डीएम से कहा कि आयुक्त की उपस्थिति तुरंत सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना समेत सभी लंबित भुगतान जारी हों। डीज़ल घोटाले और रिश्वतखोरी की निष्पक्ष जांच शुरू की जाए अन्यथा कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# तीन सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

- सेमरा, मुजगहन व सोरिद के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर सहित तीन अलग-अलग स्थानों पर गुरुवार की रात्रि हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दो लोग घायल हुए।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार चेतन साहू पिता चतरूराम उम्र 29 वर्ष धरमपुरा थाना माना कैंप रायपुर निवासी बढ़ाई का काम करता है। उसका ससुराल अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरतुली है। युवक गुरुवार को मोटरसाइकिल से अपने ससुराल खरतुली आया था। जहां से शाम को अपने एक दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से भखारा मार्ग से होते हुए घर रायपुर लौट रहा था। इसी दौरान भखारा क्षेत्र के ग्राम सेमरा के पास उसकी मोटरसाइकिल रोड पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस घटना में चेतन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसके दोस्त को मामूली चोट लगी है। घायल को उपचार के लिए भखारा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर हालत के चलते घायल को धमतरी रिफर कर दिया। घायल युवक को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया है।

### सोरिद के पास हुआ हादसा, युवक घायल



गुरुवार की रात्रि फलेश देवांगन चारामा उत्तर बस्तर कांकेर निवासी नेशनल हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान सोरिद काली मंदिर के पास उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे वरदान संस्था की एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### मुजगहन बाईपास में पलटी कार



कार क्रमांक सीजी 04 केएस 3938 गुरुवार की रात्रि जगदलपुर से रायपुर जा रही थी। कार बाईपास से गुजर रही थी। इसी दौरान ग्राम मुजगहन के पास कार के सामने अचानक मवेशी आ गया। कार मवेशी से टकराकर बाईपास में पलट गई। कार चालक ने किसी तरह अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। यातायात पुलिस क्रेन के साथ घटनास्थल पहुंची। क्रेन की मदद से कार को सीधा कर सड़क से हटाया गया।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# एसआईआर की प्रक्रिया से बहुएं हलाकान

- 20–22 साल पुराने रिकॉर्ड के लिए मायके तक लगाने पड़ रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में चल रही एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) की प्रक्रिया ने बहुओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नाम जोड़ने-काटने के पहले चरण को 4 दिसंबर तक पूरा करना है, लेकिन 20-22 साल पहले ब्याही गई महिलाएं रिकॉर्ड न मिलने से परेशान हैं। बीएलओ उनसे पिता-माता के पुराने रिकॉर्ड, भाग संख्या, निर्वाचन क्षेत्र संख्या और क्रम संख्या तक मांग रहे हैं, जो अब अधिकांश के पास उपलब्ध ही नहीं है। कई बहुओं को मजबूरन मायके तक दौड़ लगानी पड़ रही है, जबकि बाहरी राज्यों से आई महिलाओं की समस्या और गंभीर हो गई है।

धमतरी शहर और ग्रामीण इलाकों में बीएलओ लगातार दबाव में काम कर रहे हैं। कई जगह रात 12-1 बजे तक काम चल रहा है, फिर भी लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा। जिले में करीब 40 फीसदी काम अभी भी शेष है। बाहर जिलों और राज्यों में रहने वाली महिलाओं से संपर्क मुश्किल हो गया है, वहीं उन क्षेत्रों के बीएलओ भी व्यस्त होने से फोन पर सहयोग नहीं दे पा रहे हैं।

### महिला वोटरों की अधिक संख्या, काम की रफ्तार धीमी

धमतरी में महिला वोटरों की संख्या अधिक होने के कारण एसआईआर की गति भी धीमी हुई है। नया सिस्टम नई बहुओं के लिए सरल है, लेकिन वर्षों पुराना डेटा जुटाना पुराने विवाहों वाली महिलाओं के लिए सिरदर्द बन गया है।

### कांग्रेस भी हुई सक्रिय

प्रक्रिया में आ रही गड़बड़ियों को देखते हुए कांग्रेस ने निगरानी बढ़ा दी है। एसआईआर प्रभारी पूर्व विधायक लेखराम साहू ने बताया कि वे धमतरी ब्लॉक में लगातार बैठकें ले रहे हैं और कार्यकर्ताओं को समन्वय बनाने के निर्देश दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ भी कई इलाकों में जाकर स्थिति का जायजा लिया गया है। एसआईआर की इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया में सबसे ज्यादा प्रभावित बहुएं ही दिख रही हैं, जिन्हें वोटर पहचान सुनिश्चित करने के लिए मायके से लेकर राज्य की सीमाओं तक दौड़ना पड़ रहा है। अब सवाल यही है कि क्या 4 दिसंबर तक पहला चरण पूरा हो पाएगा?

# भैंसबोड़ में 30 को हास्य कवि सम्मेलन

**अंवरी।** त्रिवेणी संगम साहित्य समिति व संगवारी साहित्य समिति सिर्री के कवियों द्वारा ग्राम भैंसबोड़ में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 30 नवंबर को रखा गया है। सम्मेलन की मुख्य अतिथि श्रीमति गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरुद होंगी। अध्यक्षता गंगा साहू सरपंच करेंगी। विशिष्ट अतिथि रामेश्वर सिन्हा, सोहेंद्र सिंह एवं मकसूदन साहू बरीवाला होंगे। कवि नूतन साहू, किशोर निर्मलकर, श्रवण कुमार साहू लोगों को खूब गुदगुदायेंगे।

# नाली में औंधे मुंह पड़ा मिला युवक का शव

**धमतरी।** शुक्रवार की दोपहर श्रीराम नगर के नाली में एक युवक को मृत पाये जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस शव को नाली से बाहर निकलवाकर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम स्थानीय अंबेडकर वार्ड के श्रीराम नगर के नाली में औंधे मुंह पड़े व्यक्ति पर लोगों की नजर पड़ी। सूचना पर कोतवाली पुलिस दलबल के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंच गई। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। वरदान एम्बुलेंस संस्था के शिवा प्रधान, पार्षद सहित अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाल शिनाख्ति का प्रयास शुरू कर दी। कुछ देर बाद मृतक की पहचान रायसिंग ध्रुव पिता बच्चन सिंग उम्र लगभग 50 वर्ष दुर्गा मंदिर के पास टिकरापारा निवासी के रूप में की गई। पुलिस ने शव को वरदान संस्था के एम्बुलेंस की मदद से मर्च्यूरी भेज दिया। फिलहाल घटना को लेकर स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस जांच कर रही है।




## मुंबई से मंगाया गया यह हाईटेक शौचालय तहसील कार्यालय के पास धूल खा रहा

# 20 लाख का ई-टॉयलेट हुआ कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में आधुनिकता लाने के उद्देश्य से 11 साल पहले स्थापित किया गया राज्य का पहला ई-टॉयलेट आज पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। लगभग 20 लाख रुपए खर्च कर मुंबई से मंगाया गया यह हाईटेक शौचालय तहसील कार्यालय के पास लगाया गया था, लेकिन उपयोग न होने से अब यह अनुपयोगी होकर धूल खा रहा है।

शुरुआत में इसके उपयोग के लिए 5 रुपए का सिक्का डालना जरूरी था। कुछ ही दिनों में लोगों ने इसका इस्तेमाल बंद कर दिया, जिसके बाद नगर निगम ने इसे निःशुल्क कर दिया। इसके बावजूद उपयोगकर्ता नहीं बढ़े और आज यह स्थिति है कि 11 साल में इस टॉयलेट ने लोगों को आकर्षित नहीं किया, नतीजतन इसका दरवाजा तक शायद ही किसी ने खोला हो।



हाईटेक सुविधाओं ऑटोमेटिक दरवाजा, ऑटो-क्लीनिंग सिस्टम और अपशिष्ट नष्ट करने वाले बैक्टीरिया के बावजूद यह योजना चल नहीं सकी। बड़ी वजह यह रही कि स्थानीय निवासियों को तकनीक समझ नहीं आई और कई लोग शर्मिंदगी व झिझक की वजह से इसका उपयोग करने से कतराते रहे।

स्थानीय लोग मानते हैं कि इस ई-टॉयलेट के लिए जागरूकता अभियान कभी चलाया ही नहीं गया। न तो उपयोग की जानकारी दी गई और न ही सफाई, सुरक्षा या मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप 20 लाख की यह परियोजना आधुनिक सुविधा बनने की बजाय बेकार निवेश का प्रतीक बन गई। चर्चा है कि यदि समय रहते मेंटेनेंस और जागरूकता पर जोर दिया जाता, तो यह ई-टॉयलेट आज सफल मॉडल बन सकता था।




## अंचल की खबरें

### संविधान दिवस में बच्चों को दिलाई शपथ



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा धमतरी में संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती लीला साहू ने बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को अंगीकृत किया गया था। शिक्षिका श्रीमती वर्षा देवांगन द्वारा सभी शिक्षकों एवं बच्चों को शपथ दिलाई गई।

### शत-प्रतिशत एसआईआर के लिए जुटे पार्षद



**धमतरी।** रामपुर वार्ड में मतदाता सूची गणना प्रपत्र भरने शिविर लगाया गया है। एसआईआर कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने पार्षद प्रकाश सिन्हा जुटे हैं। बीएलओ माया नेताम, परमेश्वरी देवांगन, प्रीति साहू, भारती साहू, भारती सोनी, सनत साहू, आतिश मिश्रा, राजेंद्र साहू, रऊफ खान, घनश्याम साहू का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### कोष्टापारा में मितानिनों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** कोष्टापारा वार्ड में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती बसंती साहू, मितानिन श्रीमती रेखा निर्मलकर, श्रीमती अलका पदमवार का पार्षद संतोष सोनकर एवं वार्डवासियों ने सम्मान किया।

### ज्योति का राज्यकर निरीक्षक पद पर चयन




**धमतरी।** ग्राम पंचायत पुरी की ज्योति पिता नरेश साहू का राज्यकर निरीक्षक पद पर चयन हुआ। घनश्याम सिंह साहू ने कहा कि क्षेत्र के नवयुवकों को इससे प्रेरणा मिलेगी। इस उपलब्धि पर ग्रामीण साहू समाज पुरी के पदाधिकारियों ने उन्हें माता कर्मा का स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भीमराज साहू अध्यक्ष, कामताप्रसाद साहू, कुंती देवदास, लक्ष्मी, सुरुचि, गंगाबाई, लता बाई, रामबाई, नीलू, गोवर्धन, दीनदयाल, कुंजलाल, हरिशचंद, टीलूराम मौजूद थे।

### जिला अस्पताल में 50 बेबी किट बांटे




**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा जिला अस्पताल में बेबी किट का वितरण किया गया। संस्था नवजात शिशुओं को इन्फेक्शन से सुरक्षा के लिए पूरे देश में बेबी किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी क्रम में धमतरी शाखा द्वारा आज 50 बेबी किट का वितरण किया। इस दौरान जिला अस्पताल के सुपरिटेंडेंट गिरीश कुमार एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रविकिरण शिंदे ने शिशु के प्रति क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए, इसके बारे में बताया। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स साक्षी लाल का सहयोग रहा। मौके पर शाखा अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, निलेश लुंकड़, स्वरूप बैद, दिलीप बड़जात्या, धीरज नाहर, नीलू लुनावत, पिंकी नाहर उपस्थित थे।

### योग आयोग अध्यक्ष का हुआ आत्मीय स्वागत



**मगरलोड।** छग योग आयोग के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा रूपनारायण सिन्हा का ग्राम बड़ी करेली, मेघा, छोटी करेली, छिपली सहित विभिन्न ग्रामों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने चेतन साहू जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा के गृह निवास लुगे में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उचित मार्गदर्शन प्रदान किए। सरस्वती शिशु मंदिर मगरलोड में बच्चों को योग के विषय में जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन, जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, रंजीत साहू, डॉ परमेश्वर साहू, शुभम शर्मा, धर्मेंद्र साहू, अजय साहू, रोहित यादव, भगत मार्कण्डेय आदि उपस्थित थे।

### वर्तमान में राष्ट्र की चुनौतियों को हराने का हथियार है एसआईआर



**धमतरी।** बीएलओ के माध्यम से विशिष्ट मतदाता पहचान के लिए चलाए जा रहे गहन अभियान एसआईआर परिपत्र को आमजनता तक पहुंचाने नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, डा. अम्बेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी, रामसागर पारा वार्ड के शैलेश रजक, बनियापारा के युगल किशोर यादव, आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे इस महती राष्ट्र कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। अंबेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी ने कहा है कि भारत तभी महान जब होगा वास्तविक मतदाताओं की पहचान होगी।

## नवनियुक्त डीएसपी, नायब तहसीलदार का हुआ आत्मीय स्वागत

# नगर में पुस्तकालय का हुआ लोकार्पण

■ पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं: पुनु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 में विश्राम गृह मार्ग पर पुस्तकालय का लोकार्पण नवनियुक्त डीएसपी डायमंड ध्रुव, नायब तहसीलदार कमलनारायण साहू, मगरलोड तहसीलदार मनोज भारद्वाज, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, नपं उपाध्यक्ष रुक्मणि तोरण सिन्हा व पार्षदों ने किया।

नगर में पुस्तकालय लाइब्रेरी की आवश्यकता के लिए दो वर्ष पूर्व नगर पंचायत निवासी मितेश डड़सेना पिता चुम्मन लाल डड़सेना जो आज कोंडागांव में शिक्षक है, ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एसडीएम, कलेक्टर से लिखित आवेदन कर मांग की थी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू का प्रयास रहा है। मुख्यनगर पालिका अधिकारी अशोक चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू के साथ समस्त पार्षदों के अथक प्रयास से नगर में अच्छा पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ है। इस दौरान ग्राम परसवानी निवासी डायमंड ध्रुव पिता स्व. बलराम सूर्यवंशी का डीएसपी और करेली बड़ी निवासी कमल नारायण साहू पिता पदुम साहू नायब तहसीलदार का मंच में आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि निलेश साहू ने कहा कि नगर में लाइब्रेरी पुस्तकालय का लोकार्पण ऐतिहासिक एवं यादगार धरोहर है। छात्र छात्राएं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। नव नियुक्त डीएसपी डायमंड ध्रुव, नायब तहसीलदार कमल नारायण साहू, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, सुरेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रुक्मणि तोरण सिन्हा ने पुस्तकालय की महत्ता पर विचार व्यक्त किए। साहित्यकार पुनुराम साहू ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं। पार्षद अशोक साहू ने पुस्तकालय में एसी एवं पुस्तक व्यवस्था करने की घोषणा की।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि महमूद खान, पार्षद सुरेश साहू, तीजेश्वरी साहू, यशोदा साहू, वेदम चौहान, हिरवानी ठाकुर, यादराम गायकवाड, खिलावन साहू, घनश्याम साहू, तमेश्वरी साहू सहित, नरेश वर्मा, वीरेंद्र चंद्राकर, संजय पैकरा, चिरंजीव, विशाल कोसले, श्रीमती सोनी, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, डाकवर साहू, मनोज पटेल, नीलम साहू, सुरेश साहू, ज्ञानदेव साहू, सत्यनारायण साहू उपस्थित थे। मंच संचालन हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य आत्माराम साहू तथा आभार व्यक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौहान ने किया।

## उपहार मिलने से बच्चों के चेहरे खिले



■ छग रजत जयंती महोत्सव पर दिव्यांग आवासीय विद्यालय में हुआ बाल भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

छग रजत जयंती महोत्सव पर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में बालभोज का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र साहू, यामिनी साहू, कुमुद साहू, चैतन्य साहू, सूर्यांश साहू सिर्री निवासी द्वारा बालभोज में खीर, पूड़ी, केला के साथ उपहार भी दिए गए। बिस्किट, चॉकलेट, टूथब्रश, टंग क्लीनर, रूमाल, वैसलीन, इरेजर, सॉफनर, पेंसिल, कलर पेंसिल, पेन इत्यादि वस्तुएं शामिल हैं। संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के साथ साथ उसकी देखरेख और संरक्षण का कार्य किया जाता है। मनीषा नेताम अधीक्षक ने बताया की दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक मंदता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात वाले बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है साथ ही हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। जानकी ध्रुव विशेष शिक्षिका ने बताया कि श्रवण बाधित बच्चों को सांकेतिक भाषा होठों की भाषा, हाथों की भाषा, आंखों की भाषा, शारीरिक भाषा के माध्यम से पढ़ाया जाता है। मनीषा साहू, तोरण तुरकाने, एनकुमारी साहू, खिलेश्वरी ध्रुव ने बताया कि दृष्टिबाधित बच्चों को ब्रेल बिंदु में शिक्षा दी जाती हैं। साथ ही गीत, गायन, हरमोनियम बजाना सिखाया जाता है। बौद्धिक मंदता और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात वाले बच्चों को थेरेपी दी जाती है। प्रति दिन योग व्यायाम कराया जाता है।

# मॉडल कॉलोनी जनमन योजना की सफलता का प्रतीक बनेगी

■ कांकेर सांसद भोजराज ने किया मसानडबरा में आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा में जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण कांकेर सांसद भोजराज नाग ने किया। इसका उद्देश्य अत्यंत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए सुरक्षित, आधुनिक एवं व्यवस्थित आवास उपलब्ध कराना है।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, विजय यदु, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, नगरी जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मगरलोड जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य दिनेश्वरी नेताम, शुभम यदु, मगरलोड मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, नगरी मंडल महामंत्री रुपेंद्र साहू,सुलोचना साहू रवि दुबे सहित, हरि भंडारी, बालप्रसाद सोरी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान सांसद भोजरज नाग ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को धरातल पर साकार करने का कार्य कर रहे हैं। मसान डबरा में विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए आवास निर्माण अत्यंत सराहनीय पहल है। यह निर्माणाधीन मॉडल आवासीय कॉलोनी भविष्य में इस क्षेत्र की प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जनमन योजना के तहत बन रहे आवासों में अतिरिक्त राशि जोड़कर इस कॉलोनी को और बेहतर सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे यह एक आदर्श एवं आधुनिक बस्ती के रूप में विकसित होगी। निरीक्षण के दौरान सांसद ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं और भविष्य में विकसित होने वाली सामुदायिक संरचनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद व जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए पेयजल, सड़क, बिजली व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव रखे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि कॉलोनी के पूर्ण होने के साथ-साथ सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मसानडबरा की यह मॉडल कॉलोनी न केवल कमार जनजाति के जीवन स्तर में सुधार लाएगी, बल्कि जनमन योजना की सफलता का भी प्रतीक बनेगी।

# धान खरीदी : टोकन लिमिट बढ़ाकर ऑनलाइन व ऑफलाइन को 50-50 प्रतिशत करे प्रशासन

■ ऑफलाइन में टोकन नहीं कटने से मायूस होकर लौट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





धान खरीदी शुरू हुए दस दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कई केंद्रों में किसानों को ऑफलाइन टोकन नहीं मिल रहा है, तो कुछ सोसाइटियों में वहां बैठे प्राधिकृत अधिकारी अपने ही चित-परिचितों एवं परिजनों का ही ऑफलाइन टोकन कटवा रहे हैं जिनसे सामान्य किसान बेहद परेशान हैं।

इन्हीं शिकायतों को देखते हुए वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता चंद्रशेखर चंद्राकर ने मांग करते हुए कहा है कि वर्तमान में प्रतिदिन करीब 1500 क्विंटल की धान खरीदी सोसाइटियों में हो रही है जिसे बढ़ाकर 2000 क्विंटल की जानी चहिए। उन्होंने यह भी मांग की है कि ऑनलाइन में 50 व ऑफलाइन में किसानों से 50 प्रतिशत टोकन काटा जाये। उन्होंने बताया कि अभी कई किसानों को ऑनलाइन टोकन काटना नहीं आता है जो केवल ऑफलाइन के भरोसे हैं। ऐसे में शासन-प्रशासन को चाहिए कि वे किसानों की समस्याओं को देखते हुए यह व्यवस्था आज से ही शुरू करे।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही के किसान व पूर्व सदस्य हीरालाल साहू ने बताया कि ऑनलाइन टोकन सुबह 8 बजे खुलता है और मात्र 10 मिनट में सभी टोकन समाप्त हो जाते हैं। बचे 30 प्रतिशत टोकन सोसाइटी में बैठे पदाधिकारी व कर्मचारी अपने परिजनों का टोकन काट देते है। इसके कारण बाकी किसानों का मैनुअल टोकन भी जारी नहीं हो पा रहा है और किसान मायूस लौट रहे हैं। स्थिति यह है कि लक्ष्य का आधा भी धान खरीदा नहीं जा सका है। उन्होंने मांग की है कि टोकन की लिमिट तुरंत बढ़ाई जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# नपा के विपक्षी पार्षदों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

आरोप

परिषद के निर्णय में की गई है छेड़छाड़, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई



नगर पालिका कुरूद परिषद के कांग्रेसी पार्षदों ने नगर पालिका की सामान्य सभा के महत्वपूर्ण विषय में निर्णय के विपरीत सत्यप्रतिलिपि में भिन्नता बताकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हनन एवं नगर के जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू ने बताया कि 11 अप्रैल को परिषद की सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई थी जिस पर विषय कमांक 08 में नये नगर पंचायत कार्यालय को पूर्ण सुविधायुक्त बाउण्ड्रीवाल निर्माण सहित शासन से राशि मांग किये जाने के संबंध में विचार एवं परिषद के सदस्यों द्वारा इस विषय पर विचार विमर्श करते हुए सर्व सुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण के लिए राशि मांग करने के लिए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया था।

इस निर्णय पर छेड़छाड़ करते हुए वर्तमान नगर पंचायत भवन के सामने की चार दुकानों को हटाकर व्यावसायिक परिसर निर्माण करने एवं व्यावसायिक परिसर बनाने बैंक से लोन लेने की बातें लिखी गई है। वहीं 10 जुलाई को परिषद के साधारण सम्मिलन की बैठक आहूत की गई थी। जिस पर विषय क्रमांक 7 वार्ड क्रमांक 15 मंडी रोड के पास नवीन नगर पंचायत कार्यालय भवन निर्माण कार्य को स्थल परिवर्तन कर वार्ड क्रमांक 15 में केनाल रोड किनारे सांस्कृतिक भवन परिसर में ही बनाए जाने के संबंध में परिषद के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श करते हुए मंडी रोड के पास ही सर्व सुविधायुक्त नये नगर पंचायत निर्माण करने की सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया जिसकी सत्यप्रतिलिपि मिलने पर देखा गया कि इस निर्णय में भी छेड़छाड़ करते हुए नगर पंचायत कार्यालय को केनाल रोड के पास स्थानांतरित करने की बात लिखी गई है। इस विषय पर कोई भी चर्चा नहीं की गई है। इस विषय पर कांग्रेस के सभी पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सात दिन का अल्टीमेटम दिया है और मांग रखी है कि परिषद के निर्णय में छेड़छाड़ करने वाले दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण विषय पर पुनः सामान्य सभा की बैठक कर नगर हित में चर्चा की जाए। इस अवसर पर कांग्रेसी पार्षद मंजू प्रमोद साहू, उर्वशी चंद्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव उपस्थित थे।

### सत्यप्रतिलिपि में नहीं हुई है कोई छेड़छाड़

परिषद में जो निर्णय सदस्यों द्वारा लिया गया है, वैसे ही सत्यप्रतिलिपि में भी लिखा गया है। इन दोनों में कोई अंतर नहीं है। सभी निर्णय नगर हित में नगर को सुंदर और व्यवस्थित करने के लिए लिए गए हैं। अगर सदस्यों को आपत्ति थी तो सत्यप्रतिलिपि मिलने के तुरंत बाद या अगले परिषद की बैठक में विरोध दर्ज कराना था।

- महेन्द्रराज गुप्ता, *सीएमओ नपा कुरूद*

## दुगली में संविधान दिवस मनाया गया

**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली में संविधान दिवस मनाया गया। ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, भाजपा बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, नरेन्द्र मरकाम, शिवा नेताम, अभिषेक नेताम, भाजपा मीडिया प्रभारी वरुण देव नेताम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समता, शिक्षा और संविधान की मर्यादा का प्रतीक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और जागरूकता स्थापित की जा सकती है।

## हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

हाईस्कूल तुमड़ीबहार को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग को लेकर शाला विकास समिति के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। मौके पर सुक्रम साय ध्रुवा बेलरबाहरा पूर्व सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष वोषित कौशल, मेचका सरपंच जीवनलाल नाग, मुचकुंद ऋषि पर्यटन समिति के अध्यक्ष गयाराम मांझी, घनश्याम नेताम, कपिल दास महाराज, यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव, भाजपा महामंत्री संतोष ठाकुर, ठेनही पंचायत के उपसरपंच रूपेश नाग मौजूद थे।

## भखारा में जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला हुई

# परंपरागत व्यवसाय को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



रैम्प योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में आईटीसीटी प्रशिक्षण केन्द्र रामलीला मैदान भखारा में जिला स्तरीय संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रैम्प योजना के अंतर्गत निटकॉन लिमिटेड द्वारा छग राज्य औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं, स्वयंसहायता समूह की सदस्यों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़ने के इच्छुक प्रतिभागियों को उद्यमिता की बुनियादी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम में कुल 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अभिषेक राव शिंदे, रामकृष्ण नेताम अध्यक्ष ठेकेदार संघ नपं भखारा, पूर्व जिला महामंत्री अनुसूचित जनजाति भाजपा मोर्चा ने उद्यमिता, कृषि आधारित उद्योगों एवं परंपरागत व्यवसायों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भूपेन्द्र यादव पार्षद ने स्थानीय व्यापार को संगठित कर मजबूती देने एवं आपसी सहयोग से व्यवसाय विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। विकेश कुमार साहू एकल संपर्क अधिकारी एसपीओसी निटकॉन लिमिटेड ने रैम्प योजना की विस्तृत जानकारी दी। अभिषेक राव शिन्दे उद्यमी ने व्यवसाय विस्तार की रणनीतियों, स्थानीय बाजार की संभावनाओं और प्रतिस्पर्धी वातावरण पर मार्गदर्शन दिया। रविंद्र नाग मुख्य प्रशिक्षक उद्यमिता विकास कार्यक्रम ने एमएसएमई उद्यम पंजीकरण प्रक्रिया एवं उसके लाभों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला का उद्देश्य रैम्प योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना, एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना, स्थानीय व्यापार विकास के अवसरों से अवगत कराना, व्यवसायों को औपचारिक प्रणाली से जोड़ने हेतु प्रेरित करना है।

### सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल में लगा आनंद मेला

**जीजामगांव।** सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर में आनंद मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. नम्मूलाल साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्या योगिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमति लीलाबाई, दाऊलाल साहू, पुरानिक साहू, राधेश्याम यादव थे। इस अवसर पर डॉ नम्मूलाल साहू ने कहा कि बड़े बुजुर्ग बच्चों से ज्यादा प्यार करते हैं। हमें भी बच्चों के प्रति ऐसी भवना रखनी चाहिये।

आवश्यकता है
घरेलू कार्य हेतु
युवक-युवतियों
की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
पं. प्रकाश मिश्रा
आमातालाब रोड,
हिताची एटीएम के पास धमतरी
मो. 7974057828

## खबर संक्षेप

### आमागढ़ में मितानिन दीदियों का सम्मान

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम पंचायत हानपत्तरी के आश्रित उप स्वास्थ्य केन्द्र आमागढ़ में मितानिन दिवस के अवसर मे ग्राम पंचायत के सभी मितानिन दीदीयों को श्रीफल व साल भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मचारी सरोज नरेटी, सुनिता टांडिया, अनुराधा जुर्री, रुद्र प्रताप दुग्गा ने संबोधित करते हुए कहा है कि मितानिन दीदी भी स्वास्थ्य विभाग का एक अहम हिस्सा से कम नहीं है जो जजकी से लेकर हर छोटी बड़ी बीमारी संबंधी स्वास्थ्य विभाग तक रिपोर्ट तैयार करने में सहभागिता निभाते हैं। मितानिन दीदी गांव की सेहत, सुरक्षा जागरूकता की सच्ची पहरेदार हैं। हर परिस्थिति में आगे बढ़कर लोगों की मदद करना, बच्चों और माताओं की देखभाल, दवा और सलाह घर-घर पहुंचा रही है। मितानिन सम्मान समारोह में मितानिन हेमलता कल्लो, देवकी नरेटी, रोमबाई मेरिया, काला बाई जैन सहित मितानिन दीदीया व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### लिंगो आदिवासी मांदर दल का भुरके में होगा कार्यक्रम

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जय लिंगो आदिवासी मांदरी दल द्वारा आज 29 नवंबर को ग्राम भुरके कोड़ेकुर्से में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इस दौरान दल के कलाकार पारंपरिक मांदर नृत्य और शहनाई की मनमोहक धुन पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करेंगे। आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, वेशभूषा और लोक नृत्य की आकर्षक झलक इस प्रस्तुति में देखने को मिलेगी। आयोजकों ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें और आदिवासी विरासत को संजोए रखने में सहभागी बनें।

### दुर्गूकोंदल में ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव 2 को मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी युवाओं को कला, संस्कृति, कौशल एवं खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 2 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 10 बजे सद्भावना भवन में होगा।
युवा महोत्सव में विभिन्न विधाओं के माध्यम से प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी कला प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य तथा व्यक्तिगत लोकगीत प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही लाइफ स्किल आधारित प्रतियोगिताएँ जैसे कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला तात्कालिक भाषण एवं कविता गायन भी शामिल हैं। विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान मेला भी महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा। युवा कृति प्रदर्शनी के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल तथा कृषि उत्पाद प्रदर्शन की भी प्रतियोगिताएँ होंगी, जिससे स्थानीय युवाओं के कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन बीआरसी कार्यालय में 1 दिसंबर शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इसी दिन महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना का विकास और खेलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## निधन

### शत्रुहन साहू

**रायपुर।** कमलविहार डूण्डा निवासी शत्रुहन साहू का निधन 28 नवंबर को हो गया। वे शांतिबाई साहू के पुत्र, गोदावरी साहू के पति व नेमीचंद, छगन, डोमन साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार डूण्डा मुक्तिधाम में किया गया।



---

ग्रामीणों में नाराजगी, उच्च अधिकारी से जांच की मांग

# गोरेगांव में नहर किनारे हरे भरे पेड़ों की हो रही कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड में बारिश के समय पर्यावरण संरक्षण को बचाने के लिए लोगों द्वारा अपने घर, खेत खलिहानों में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए जाते हैं मगर वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत गोरेगांव के नहर किनारे लगभग 1 एकड़ क्षेत्र में बड़े-बड़े हरे-भरे पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला सामने आने के बाद कुछ ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। क्षेत्र में कई परिपक्व वृक्ष मशीन से कटे हुए मिले हैं, जिनकी संख्या भी कम नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कटाई बिना आवश्यक अनुमति एवं एनओसी के की गई प्रतीत होती है, जो गंभीर मामला है।



कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रही इस तरह की कटाई पर संबंधित विभागों द्वारा निगरानी नहीं रखी जा रही, जिसके कारण ऐसे मामलों को बढ़ावा मिल रहा है। दूसरी ओर जिला प्रशासन एक पेड़ मां के नाम जैसे जनजागरूकता अभियान के माध्यम से हरियाली बढ़ाने की अपील कर रहा है। ऐसे में वर्षों पुराने हरे-भरे वृक्षों का इस प्रकार कट जाना पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को ठेस पहुंचाता है।

इस संबंध में जब निजी भूमि के मालिक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे अनुमति हेतु पंचायत गए थे, जहां उन्हें यह कहकर वापस लौटा दिया गया कि जमीन आपकी है, अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

वहीं ग्राम पंचायत गोरेगांव के सरपंच ने पेड़ काटे जाने की घटना को गलत बताते हुए कहा कि यह कार्य नियमों के विपरीत किया गया है और इसकी जानकारी संबंधित विभागों को दी जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में बिना अनुमति पेड़ों की कटाई जैसी घटनाओं पर रोक लग सके और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास मजबूत हो सकें।

# विधिक संवाद और न्याय व्यवस्था को बनाएंगे सशक्त



- जीत के बाद नगरी पहुंचे शत्रुहन सिंह का अधिवक्ताओं ने फूलमाला से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद चुनाव में धमतरी जिले के अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने शानदार जीत हासिल की है। सदस्य पद पर मिली इस ऐतिहासिक विजय के बाद वे शुक्रवार को नगरी पहुंचे। व्यवहार न्यायालय परिसर नगरी में अधिवक्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, हम सभी की जीत है। विधिज्ञ परिषद का अपना एक दायरा और जिम्मेदारियां होती हैं, जिनके अनुसार मैं पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। विधिक संवाद को मजबूत करेंगे और साथ मिलकर न्याय व्यवस्था को और सशक्त बनाएंगे। युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन मंच बनाने का प्रस्ताव रखूंगा, जहां वरिष्ठ अधिवक्ता युवा साथियों को मेंटॉर करेंगे। डिजिटल ट्रेनिंग, लॉ वर्कशॉप और प्रारंभिक वित्तीय सहायता जैसी योजनाएं प्राथमिकता रहेंगी। अधिवक्ता कल्याण कोष की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी बनाना। युवा अधिवक्ताओं के लिए स्टार्टअप सहायता योजना शुरू करना, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए सम्मान और चिकित्सा सुविधा का विस्तार, डिजिटल लॉ लाइब्रेरी एवं ई-फाइलिंग सपोर्ट सिस्टम की स्थापना उनकी प्राथमिकता है। अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि श्री साहू की कड़ी मेहनत, लगन और सरल व्यक्तित्व ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। नगरी की सप्तऋषि भूमि को अब जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता कुशालचंद जैन, यशवंत साहू, गेवेंद्र पटेल, सतवंत महिलांग, उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापति, सचिव तुलसीराम साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, जागेश सोलके, टीबी अग्रवाल, मोहित शांडिल्य, दिलीप शर्मा, राजेंद्र मिश्रा, अभिषेक जैन, खेमराज देवांगन, प्रमोद साहू, मुकेश सेमरे, मारुति गंजीर सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# प्रथम प्रयास में ही डायमंड बने डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम परसवानी के डायमंड ध्रुव पिता स्व. बलराम सिंह सूर्यवंशी ने सीजीपीएससी में परचम लहराकर डीएसपी पद पर कब्जा किया है। डायमंड प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर मगरलोड में होने के बाद हाईस्कूल की पढ़ाई रेडियंट पब्लिक स्कूल माना रायपुर में की है। स्नातक की डिग्री बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से ली है। विद्यालय में इतिहास ऑनर्स में पूरा किया है। जेएनयू दिल्ली सेमॉडर्न हिस्ट्री में मास्टर डिग्री की उपाधि प्राप्त की है। महज 25 साल की उम्र में प्रथम बार में सीजीपीएससी की परीक्षा पास की। उन्होंने 13 वां रैंक हासिल किया। उन्होंने बताया कि वह पढ़ाई के लिए अकादमी का सहारा नहीं लिया। उनकी रुचि पुस्तक अध्ययन में रही है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि ईमानदारी से मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है। सफलता का कोई शॉर्टकट तरीका नहीं है। डायमंड



ध्रुव का डीएसपी पद पर चयन होने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

# कांग्रेसियों ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

- मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, अधिकांश केंद्रों में 70-80 प्रतिशत कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी की टीम ने क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू, जिला उपाध्यक्ष भानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसआईआर ट्रेनर पेमन स्वर्णबेर, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक बंजारे एवं जोन अध्यक्ष खम्हन साहू फरसियां



उपस्थित रहे। टीम ने ग्राम छिपली, संबलपुर, अमाली, गोरेगांव एवं फरसियां में मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान एसआईआर फार्म भरने की प्रगति, दस्तावेज़ों के सत्यापन, सामने आ रही समस्याओं तथा मतदाता सूची अद्यतन की स्थिति संबंधी जानकारी बीएलओ से प्राप्त की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर 70 से 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है।

निरीक्षण दल ने बीएलओ के कार्यों की सराहना करते हुए 4 दिसंबर तक सभी लंबित प्रक्रियाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाता है और यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जनता से भी आग्रह किया कि वे अपने नाम, परिवार के सदस्यों की जानकारी एवं दस्तावेजों की जांच समय पर कर बीएलओ को सहयोग प्रदान करें।

# तौल प्रक्रिया, बारदाने की उपलब्धता की ली जानकारी

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने डोंगरडुला धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने डोंगरडुला धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर तौल प्रक्रिया, बारदाने की उपलब्धता और केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। किसानों ने अध्यक्ष को बताया कि धान की तौल पूरी तरह पारदर्शी और सही तरीके से की जा रही है। साथ ही बारदाना भी समय पर और नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उपार्जन कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। किसानों ने सरकार की ओर से मिल रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र की कार्यप्रणाली को बेहतर बताया।



निरीक्षण के दौरान अरुण सार्वा ने स्वयं तौल प्रक्रिया का जायजा लिया और पाया कि वजन मशीनें ठीक से कार्यरत हैं तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी समय पर उपस्थित होकर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों के हित में उपार्जन कार्य को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- जनप्रतिनिधियों ने दुगली धान उपार्जन केंद्र में देखी व्यवस्था

दुगली मंडी स्थित धान उपार्जन केंद्र का शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में किसानों को दी जा रही सुविधाओं, तौल व्यवस्था, स्टॉक प्रबंधन तथा खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत धमतरी के सभापति अजय ध्रुव, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, भाजपा कोषाध्यक्ष श्यामाचरण मंडावी, सोसाइटी प्रभारी नागेश, किसान रूपेश नेताम, बहल सिंह, जोहान नेताम समेत अनेक किसान उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने केंद्र प्रबंधन को पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों से



संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना।

# स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक के कक्षा नवमी के छात्रों ने भारत स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। इन छात्रों में तनुजा, रीना , मोहनी, देविका, झरना, धारणा, अंबिका और पूजा शामिल है। छात्रों ने स्काउट गाइड के नियमों का पालन करते हुए अनुशासन में रहकर अपने द्वितीय



सोपान शिविर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

# किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न हो

- कलेक्टर ने वीसी के जरिए धान उपार्जन की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

चालू खरीफ विपणन वर्ष में धमतरी जिले के 100 उपार्जन केंद्रों में अब तक 71 हजार 368 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने 27 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक लेकर अधिकारियों को



निर्देशित किया कि जिले के किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या न हो और पंजीयन से बचे, एग्रीस्टेक में पंजीयन, कैरीफॉरवर्ड और रकबे प्रदर्शित होने वाले किसानों का समय सीमा में निराकरण करने कहा। साथ ही उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा सिंह, खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम , उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, उप पंजीयक सहकारिता प्रदीप ठाकुर, जिला विपणन अधिकारी सुनील सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

प्रांताध्यक्ष ने लंबित समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने कहा

# शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी का नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 22 नवंबर को डाइट नगरी के सभाहाल में हुआ। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष रविंद्र राठौर शामिल हुए।

मुख्य अतिथि रामनाथ साहू प्राचार्य डाइट नगरी ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशेष अतिथि केआर साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी ने शिक्षा गुणवत्ता, विद्यार्थी हित तथा सामाजिक उत्थान को शपथ वचन



में महत्वपूर्ण बताते हुए संघ को स्थानीय विभागीय समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांताध्यक्ष रविंद्र राठौर ने वर्तमान सरकार की मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, टीईटी संबंधित मुद्दों एवं अन्य लंबित समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। उन्होंने नगरी के राजेंद्र वर्मा को प्रदेश महामंत्री घोषित किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज, दिनेश नायक, जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव, बीआरसी नगरी प्रकाश चंद साहू, व्याख्याता जोहन नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष कुरूद लुकेश साहू, तेजलाल साहू थे।

कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष ममता प्रजापति, संरक्षक एसबी मिर्जा, उपाध्यक्ष प्रकाशचंद साहू, बिरनसिंह नेताम, भरत सिंह ठगेल, नवदीप सलाम, सचिव गोविन्द निषाद, कोषाध्यक्ष चम्पेश्वर साहू, संगठन मंत्री गजानंद सोन, सहसचिव कमलेश चंद्राकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकला बैरागी, उपाध्यक्ष छनिता साहू सलाहकार हरिश्चंद्र कश्यप, अंकेक्षक अनिल कुमार साहू, टिकेश्वर साहू, महामंत्री गोविन्द साहू, प्रवक्ता हुलास सूर्याकर, सुश्री चंद्रकुमारी नवरंगे, कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत बैरागी, टीकाराम कुंजाम, तोपेन्द्र साहू, हरीश निर्मलकर, झुमुक नायक, कृष्ण कुमार मंडावी, बसंत कुमार साहू, भरत लाल साहू, दीनदयाल साहू, दीपक पारिकर, प्रकाशचंद कुंजाम, मनीष गौतम, संजय सोनवानी ने शपथ ली।

प्रथम नगरी आगमन पर नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष रविंद्र राठौर का शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

# नए पेंशनरों का किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विगत दिनों छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में नए सदस्यों के रूप में मुन्नी बाई यादव, बिसाहू राम देवांगन और सावित्री बाई पटेल ने सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष आरएल देव संरक्षक एएल बनपेला ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में संरक्षक एएल बनपेला, सचिव पीआर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा, डीएस ध्रुव, बीएल सार्वा, केएल सिन्हा, बीएस सुरेशा, पीएल सिन्हा, एसके नाग, शकुन कश्यप, एसपी ग्वाले, मोहन साहू उपस्थित थे।